मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु निर्माण योजना

चर्चा में क्यों

हाल ही में, बिहार सरकार ने **राज्य में छोटे पुलों** के निर्माण के माध्यम से **ग्रामीण बुनियादी ढाँचे को बढ़ावा देने के लिये "मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु निर्माण योजना" (MGSNY) को स्वीकृति दी।**

प्रमुख बिंदु

- **योजना का उद्देश्य** :
  - "मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु निर्माण योजना" (MGSNY) का उद्देश्य **बिहार के ग्रामीण क्षेत्र में कनेक्टिविटी बढ़ाना है।**
  - यह योजना विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में **1,000 छोटे पुलों के निर्माण पर केंद्रित है।**
- **लक्ष्य क्षेत्र:**
  - इस पहल में **उन दूरदराज़ और ग्रामीण क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है** जो अपर्याप्त बुनियादी ढाँचे के कारण कठिनाइयों का सामना करते हैं।
  - **इससे मानसून के मौसम** में दुर्गमता की समस्या का समाधान होने की उम्मीद है , जब नदी और **नालों के जल का स्तर अत्यधिक बढ़ जाता हैं तथा गाँवों से संपर्क टूट जाता है।**
- **अपेक्षित लाभ** :
  - इन पुलों के निर्माण से ग्रामीण आबादी के लिये **परिवहन में उल्लेखनीय सुधार होगा** , जिससे वस्तु और लोगों की आवाजाही आसान हो सकेगी।
  - **उन्नत बुनियादी ढाँचा किसानों, व्यापारियों और सेवा प्रदाताओं को बाज़ारों से** जोड़कर ग्रामीण क्षेत्रों में **आर्थिक विकास** में योगदान देगा ।
  - इससे **शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच में भी सुधार होगा** तथा स्कूली बच्चों एवं तत्काल चिकित्सा देखभाल की जरूरत वाले रोगियों के लिये तीव्र व अधिक विश्वसनीय परिवहन सुनिश्चित होगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mukhyamantri-gramin-setu-nirman-yojana